Page No.___ Date ___/___/20___

पाठ - छः
कक्षा - पाँच
हिंदी व्याकरण

प्र०1 लिंग किसे कहते हैं ?

उ० संज्ञा शब्द के पुल्लिंग व स्त्रीलिंग का बोध कराने वाले शब्द लिंग कहलाते हैं।

प्र०2 ~~कि~~ लिंग कितने प्रकार के होते हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

उ० लिंग दो प्रकार के होते हैं।

1. पुल्लिंग -: पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं।
उदाहरण -: लड़का, चाचा, मामा, नाना आदि।

2. स्त्रीलिंग -: स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं।
उदाहरण -: चाची, मामी, नानी, लड़की आदि।

पाठ - 7
कक्षा पाँच
हिंदी व्याकरण

प्र०1 वचन किसे कहते हैं?
उ० शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का बोध हो उसे वचन कहते हैं।
उदाहरण -: लड़का, लड़के, तोता, तोते आदि।

प्र०2 वचन के कितने भेद होते हैं?
उ० वचन के दो भेद होते हैं।

प्र०3 वचन के भेदों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
उ० 1. एक वचन -: संज्ञा के जिस रूप से उसके एक होने का बोध हो उसे एकवचन कहते हैं।
2. बहुवचन -: संज्ञा के जिस रूप से उसके एक से अधिक होने का बोध हो उसे बहुवचन कहते हैं।

एक वचन — बकरी घास चर रही है।

बहुवचन — बकरियाँ घास चर रही हैं।